दिनांक 16 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सुपेला लक्ष्मी मार्केट मे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हुई प्रारंभ, आयुक्त सुंदरानी ने निरीक्षण के दौरान दिए थे कार्रवाई के निर्देश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने कुछ दिन पहले ही सुपेला लक्ष्मी मार्केट वार्ड 5 पहुंचकर निरीक्षण किया था जहां पर लोगों की शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के लिए जोन आयुक्त टीपी लहरें एवं उपायुक्त अशोक द्विवेदी को निर्देशित किया गया था साथ में वहां के संरक्षक मोहम्मद शब्बीर कुरैशी भी मौजूद थे! आयुक्त सुंदरानी ने निरीक्षण के दौरान लक्ष्मी मार्केट लगने वाले स्थल पर जमीन अलॉटमेंट के संबंध में जानकारी ली थी एवं इस पूरे स्थल का सर्वे करा कर रिपोर्ट देने के लिए उपायुक्त अशोक द्विवेदी को आदेशित किया था! निगम द्वारा पूर्व से ही अतिक्रमण हटाने की मुनादी करा कर लगने वाले बाजार मे लाउड स्पीकर के माध्यम से सूचना दे दी गई थी , कई लोगों ने स्वमेव अतिक्रमण हटा लिया था परंतु कई व्यवसायी के द्वारा नाली पर हुए अतिक्रमण आदि को बरकरार रखा था जिसे पुलिस बल की मौजूदगी में आज जेसीबी के माध्यम से निगम की तोड़फोड़ दस्ता एवं जोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग की टीम ने उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 टीपी लहरें के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए नाली पर हुए अतिक्रमण एवं अतिरिक्त निर्माण को हटाने की कार्यवाही की! उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया की यदि आज कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाती है तो आगे भी यह कार्यवाही जारी रहेगी सुपेला लक्ष्मी मार्केट बड़ा मार्केट है काफी भीड़ वाली स्थल है जिसे व्यवस्थित किया जाना जरूरी हो गया है! आयुक्त एसके सुंदरानी ने कहा की निरीक्षण के दौरान लोगों की शिकायतें प्राप्त होने पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है बारिश के दिनों में एवं आम दिनों में भी बाजार में खरीदी करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसके लिए नाली पर किए गए अतिक्रमण आदि को हटाने के निर्देश दिए गए है! अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर उपस्थित उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें , पुलिस बल, प्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण नायडू आदि मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!